Ram Silks Presents SKILLANGELS STATE SCHOLARS Powered by gold PRIYAM

## MODEL BOARD EXAMINATION

### PRE – PUBLIC EXAMINATION 2019–2020

STD : XII MARKS : 90

SUB : HINDI TIME : 3 HOURS

I-REVISION EXAM

**I. निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** 6x1=6

(1) तुलसीदास गणपति से ....... वर मांगते हैं।

अ) शिव दर्शन का आ) राम दर्शन का इ) लक्ष्मी दर्शन का

(2) कवि वृन्द का जन्म ...... में हुआ था।

अ) 1668 आ) 1675 इ) 1554

(3) लोभी ....... होकर योग्य-अयोग्य का फरक नहीं जान सकता।

अ) चतुर आ) विवेकहीन इ) अंधा

(4) भारतेंदु हरिश्चंद्र के पिता का नाम ....... था।

अ) रामचंद्र आ) रविचंद्र इ) गोपालचंद्र

(5) माखनलाल चतुर्वेदी जी के उपनाम ....... है।

अ) एक भारतीय आत्मा आ) गीरिधरदास इ) अज्ञेय

(6) 'निहार' ....... की रचना है।

अ) मुक्तिबोध आ) महादेवी वर्मा इ) शमशेर बहादुर सिंह

**II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए:-** 3x2=6

(7) शमशेर बहादुर सिंह अपने को क्या कहते हैं?

(8) महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाएं क्या-क्या हैं?

(9) कवि वेद किसे मानते थे?

(10) ईश्वर प्राप्ति का साधन क्या है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखिए:-** 2x2=4

(11) आश्रम में कौन-कौन से पेड़ थे?

(12) रीढ़ की हड्डी का प्रमुख पात्र कौन है?

(13) हमारे देश में जनता की सरकार कब कायम हुई?

**III. अ) किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखिए:-** **2x4=8**

(14) सप्रसंग व्याख्या कीजिए:-

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल

(15) भगवान राम के प्रेम के बारे में तुलसीदास का विचार क्या है?

(16) निम्नलिखित के सही जोड़ मिलाइए।

1. हिरण्यकशिपु - महाराज मानसिंह (3)
2. मुक्तिबोध - चन्द्रावली (4)
3. वृन्द - सहर्ष स्वीकारा है (2)
4. भारतेंदु हरिश्चंद्र - प्रहलाद (1)

**आ) किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखिए:-** **2x4=8**

(17) ललित कलाएं किस दृष्टि में सौंदर्य का प्रत्यक्षीकरण है?

(18) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए:-

कहने का मतलब यह है कि कुछ बातें दुनिया में ऐसी हैं जो सिर्फ मर्दों के लिए [illegible] तालीम भी ऐसी चीज़ों में से एक है।

(19) अर्थ लिखकर वाक्यों का प्रयोग कीजिए:-

अ) कायम होना आ) मिसाल इ) प्रतिष्ठा ई) कसौटी ~~करना~~ कसना

**IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार रूप में लिखिए:-** **2x6=12**

(20) महादेवी वर्मा का परिचय दीजिए।

**(अथवा)**

गोधूली के बीच कृष्ण कैसे दिख पड़ते थे?

(21) मनुष्य को अनुशासन में कैसे रखा जाता है?

**(अथवा)**

हमें धनी बनने के लिए क्या-क्या करना चाहिए?

(22) आ) कंठस्थ भाग : 3x2=6

1. वृन्द का कोई एक दोहा लिखिए।

2. पूर्ति कीजिए:-

सीस मुकुट ....... बिहारी लाल।।

चिर जीवौ ....... के वीर।।

**V. निम्नलिखत वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **8x1=8**

(23) हामिद की दादी का नाम ........ है।

अ) अमीना आ) चिमटा इ) मोहसिन

(24) कमल की बहन ....... थी।

अ) सावित्री आ) निर्मला इ) सीता

(25) 'शरणागत' - कहानी के रचयिता ....... है?

अ) प्रेमचंद आ) सत्यवती मल्लिक इ) वृन्दावनलाल वर्मा

(26) जवाहरलाल नेहरू ....... में पैदा हुए।

अ) 1869 आ) 1879 इ) 1889

(27) ....... के बिना कोई शारीरिक क्रिया प्रयत्न नहीं कर सकती।

अ) भक्ति आ) इच्छा इ) स्नेह

(28) ललित कलाओं में सबसे ऊंचा स्थान..... का है।

अ) काव्य-कला आ) संगीत- कला इ) नृत्य-कला

(29) आश्रम में ..... नामक एक बढ़िया सत्याग्रही था।

अ) जोसेफ आ) बिहारी इ) बहादुर कवि नायडू

(30) मूल अधिकारों में सबसे पहला अधिकार..... का अधिकार है।

अ) संविधान आ) स्वतंत्रता इ) समता

**VI. किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **7x2=14**

(31) संधि कीजिए :-

1. कवि+इन्द्र 2. सत्+जन

(32) परिभाषिक शब्द लिखिए :-

1. Certificate    2. Department    3. Wage    4. Incharge

(33) पद परिचय दीजिए :-

मैं मद्रास विश्विद्यालय का विद्यार्थी हूं।

सूचना के अनुसार बदलिए:-

(34) राम अच्छा पढ़ता है। (संदिग्ध वर्तमान काल में लिखिए)

(35) वह हंसता है। (भूतकाल में लिखिए)

(36) पुलिस आयी लोग भाग गए। (जब.....तब का प्रयोग)

(37) हम हिन्दी पढ़ना ज़रूर है। (शुद्ध कीजिए)

(38) मेरा घर स्कूल का पास है। (शुद्ध कीजिए)

(39) वह कपड़ा धो रहा है। (लिंग बदलिए)

(40) विमला ने चित्र बनाया। ('विमला' के स्थान पर 'राधा' का प्रयोग)

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए:-** **3x4=12**

(41) करुण रस या वीर रस का लक्षण उदाहरण के साथ बताइए।

(42) हिन्दी अध्यापक पद के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए।

(43) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तकरण कीजिए।

यह मेरी पहली विदेश यात्रा थी। मैं यहां भी उन लोगों के संदर्भ में बहुत नहीं आया था जो विदेशी ढंग से रहते और खाते-पीते हैं। जाने के पहले एक दिन श्री सच्चिदानंद सिंह ने मुझे अपने यहां अंग्रेज़ी ढंग से टेबल पर खिलाया था। मैंने कांटे- चमचे का इस्तेमाल देख लिया था। इत्तिफाक से जहाज़ पर मेरे कमरे में एक फारसी सज्जन विदेश में सैर करने के लिए ही जा रहे थे। उनसे तो जान पहचान हो गई, पर दूसरे कोई मुलाकाती भाई या बहन उस जहाज़ में नहीं थे। मेरी आदत भी कुछ ऐसी है कि मैं किसी से स्वत: मुलाकात या जान पहचान करने में बहुत सकुचाता हूं।

(44) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :-

Hard work is a basic quality of human being. Only because of such hardwork, man satisfies all his physical needs. This is the only way to test and develop all his hidden talents. Besides this is the real way to realize his usefulness as a human being and as a part of the society.

**VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार रूप में लिखिए:-** **1x6=6**

(45) भारत के वैज्ञानिक - एक निबंध लिखिए।

**(अथवा)**

भाई-बहन कहानी का सारांश लिखिए।